POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 24.12.2024

1.थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा एनसीआर क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले बाजारो, सब्जी व फलो की मण्डियो व साप्ताहिक बाजारों में मौका पाकर लोगो के मोबाइल फोन चोरी करने वाले 05 बाल अपचारियो को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के 57 कीमती मोबाइल फोन बरामद।

कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 24.12.2024 को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना व लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से भंगेल सब्जी मण्डी से मोबाइल फोन चोरी करने वाले 02 बाल अपचारियों को **अभिरक्षा** में लिया गया जिनके कब्जे से चोरी के भिन्न-2 कम्पनी के 30 कीमती मोबाइल फोन बरामद किये गये। अभिरक्षा में लिये गये बाल अपचारियों की निशादेही पर इनके 03 अन्य साथी बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया, जिनके कब्जे से चोरी के भिन्न-2 कम्पनी के 27 कीमती मोबाइल फोन को बरामद किये गये।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- सभी बाल अपचारी एनसीआर क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले बाजारो, सब्जी व फलो की मण्डियों व साप्ताहिक बाजारो में मौका पाकर लोगो के कीमती मोबाइल फोन चोरी करते थे और चोरी के मोबाइल फोन सस्ते दामों पर बेच देते थे।

1. यह सभी बाल अपचारी नियमित रूप से लगने वाली मण्डी तथा साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्राहक विशेषकर महिलाओं को टारगेट करते थे।
2. यह सभी बाल अपचारी ग्राहकों का ध्यान भंग होने की प्रतीक्षा करते थे तथा थोड़ी सी भी चूक होने पर तुरन्त मोबाइल लेकर गायब हो जाते थे।
3. यह सभी बाल अपचारी समूह में कार्य करते थे तथा मोबाइल चुरा लेने के उपरान्त पकड़े जाने की सम्भावना की आशंका होते ही अपने दूसरे साथी को मोबाइल पकड़ा देते थे।
4. यह सभी बाल अपचारी काफी मात्रा में मोबाइल एकत्र हो जाने के उपरान्त दूरस्थ स्थानों पर जाकर औने-पौने दाम में बेच देते थे।

5. यह सभी बाल अपचारी बिना अभिभावक के ही जनपद में आगमन करते है तथा मकान मालिक को कोई भी झूठी कहानी बताकर टोकन मनी देकर किराये का कमरा ले लेते हैं तथा ठेले इत्यादि पर खाना खाते हैं।
6. यह सभी बाल अपचारी पकड़े जाने के डर से एक जगह न रहकर निरंतर स्थान बदलते रहते हैं तथा एक जगह टिक कर नही रहते।
7. यह सभी बाल अपचारी भारी मात्रा में मोबाइल फोन चोरी कर लेने के उपरान्त 3 से 4 दिन में ट्रेन के माध्यम से चोरी के मोबाइल बेचने के लिये दूरस्थ स्थानों पर चले जाते हैं।
8. इन सभी बाल अपचारी का कोई निश्चित ग्राहक नही होता हैं बल्कि यह मोल तोल करके जहां भी इनको अधिक दाम मिलता है वही बेच देते हैं।
9. यह सभी बाल अपचारी अनपढ़/कम पढ़े लिखे है।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0-627/24 धारा 317(4),317(5) बी.एन.एस. थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी के कुल 57 कीमती मोबाइल फोन

2.थाना दादरी पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोरी करने वाले 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध हथियार बरामद।

कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 24.12.2024 को थाना दादरी पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से दुपहिया वाहन चोरी करने वाले 02 शातिर चोर 1.दक्ष उर्फ कप्तान पुत्र विनोद 2.कृष्ण पुत्र रामभूल को थाना क्षेत्र के रूपवास गोलचक्कर के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 अवैध चाकू व 01 मोटरसाइकिल रजि नं0 यूपी 14 सी.एम 9877 (चोरी की) बरामद की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि ये मोटरसाइकिल हम दोनो ने मिलकर करीब 2 माह पहले घंटाघर मार्केट गाजियाबाद से चुराई थी। उक्त मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में थाना कोतवाली जनपद गाजियाबाद पर मु0अ0सं0 497/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. दक्ष उर्फ कप्तान पुत्र विनोद निवासी दौलतराम कॉलोनी, कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 22 वर्ष।
2. कृष्ण पुत्र रामभूल निवासी दौलतराम कॉलोनी कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर उम्र 21 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 640/24 धारा 317(2) बीएनएस व 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 497/24 धारा 303(2) बीएनएस कोतवाली गाजियाबाद, जनपद गाजियाबाद।

बरामदगी का विवरण--

1. 01अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर,
2. 01 अवैध चाकू
3. 01 मोटरसाइकिल रजि नं0 यूपी 14 सी.एम 9877 (चोरी की)